**(ALL CA FOUNDATION BATCHES)**

**DATE: 06.01.2021** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

1. दो पूर्णतः स्थानापन्न के संबंध में, तटस्थता वक्र होगा
   (a) सीधी रेखा
   (b) L आकार का
   (c) U आकार का
   (d) C आकार का

2. तटस्थता वक्र विश्लेषण की मान्यता नही है।
   (a) तटस्थता वक्र बॉयी ओर ऋणात्मक ढाल वाली होती है।
   (b) तटस्थता वक्र मूल बिन्दू की ओर अधोगामी ढाल के होते है।
   (c) तटस्थता वक्र आपस में एक दूसरे को नही काटते।
   (d) एक उच्च तटस्थता वक्र निम्न तटस्था वक्र की तुलना में अधिक संतुष्टि बताता है।

3. बढतें हुए प्रतिफल बताते हैः–
   (a) स्थिर औसत लागत
   (b) उत्पादन की प्रति ईकाई लागत घटती हुई
   (c) बढ़ती सीमान्त लागते
   (d) बढ़ती औसत लागते

4. सामान्यतः उत्पादन फलन बताता है।
   (a) उत्पादन के साधनों की उत्पादकता।
   (b) उत्पादन के साधनों में संयोग।
   (c) भौतिक साधनों व उत्पादन में संबंध।
   (d) पैमानें की बचतें।

5. औसत लागत वक्र के न्यूनतम बिंदु पर कौनसा वक्र काटता है–
   (a) सीमान्त लागतवक्र
   (b) औसत स्थिर लागत वक्र
   (c) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
   (d) कोई नहीं

6. सरकार द्वारा सार्वजनिक उद्यान के निर्माण से उत्पन्न लागत कहलाती हैः–
   (a) सामाजिक लागत
   (b) सीमांत लागत
   (c) वास्तविक लागत
   (d) निजी लागत

7. फर्म के उत्पादन का कुशलत्तम स्तर होता है, जहाँ :–
   (a) MC न्यूनतम हो
   (b) AVC न्यूनतम हो
   (c) AFC न्यूनतम हो
   (d) AC न्यूनतम हो

8. X व्यक्ति बिड़ला सीमेन्ट में 20,000 रूपये पर नौकरी कर रहा था, उसे श्री सीमेन्ट से 50,000 रूपये की नौकरी का प्रस्ताव आता है। यदि वह 50,000 रूपये की नौकरी का प्रस्ताव स्वीकार कर लेता है तो X व्यक्ति के लिए अवसर लागत होगी –
   (a) 20,000 रूपये
   (b) 50,000 रूपये
   (c) 30,000 रूपये
   (d) कोई अवसर लागत नहीं

9. ह्रासमान सीमान्त प्रतिफल से आशय है–
   (a) ह्रासमान औसत परिवर्तनशील लागतें
   (b) ह्रासमान सीमान्त लागतें
   (c) वृद्धिमान सीमान्त लागतें
   (d) ह्रासमान औसत स्थिर लागतें

10. ________उत्पादन की अस्पष्ट लागत है।
   (a) श्रम की मजदूरी
   (b) विद्युत व्यय
   (c) स्वयं की लगाई गई पूँजी पर ब्याज
   (d) कच्चे माल का भुगतान

11. यदि एक वस्तु की मांग की लोच पूर्णतः बेलोचदार हो तो निम्न में से कौन सा कथन असत्य है–
   (a) वह वस्तु अत्यंत आवश्यक होनी चाहिए जिसे खरीदा गया है
   (b) उस वस्तु के कई स्थानापन्न होने चाहिए
   (c) उस वस्तु को उसकी कीमत में वृद्धि के कारण न खरीदा गया हो।
   (d) उस वस्तु की मांग की लोच 0 के बराबर होनी चाहिए।

12. एक विद्युत उत्पादन प्लान्ट में जब प्लान्ट अत्यधिक बढता है आउटपुट के मामले में प्लान्ट विफलता के खतरे गैर आनुपातिक तौर पर बढते हैं। यह पैमाने पर विफलता के किस विचार के बारे में कह रहा है?
   (a) पैमाने पर समान प्रतिफल
   (b) पैमाने पर वृद्विक प्रतिफल
   (c) पैमाने पर ह्रासित प्रतिफल
   (d) पैमाने पर समतुल्य प्रतिफल

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये तथा प्रश्न 13–16 के उत्तर दिजिए।
निकोल का अपना एक छोटा मृद्भांड कारखाना है। वह प्रति वर्ष मृद्भांड के 1,000 पीस बना सकती है तथा उन्हें प्रत्येक 100रू. में बेचती हैं। मृद्भांड के 1,000 पीस के उत्पादन के लिए निकोल की कच्चे माल की लागत 20,000 रू. आती हैं। उसने अपने कारखाने व उपकरण में 1,00,000 रू. :अपनी बचतों से 50,000 रू. तथा 10 प्रतिशत ब्याज पर उधार लेकर 50,000 रू. लगाये हैं (मान लीजिए कि वह 10 प्रतिशत पर अपने धन को उधार भी दे सकती थी)। निकोल प्रति वर्ष 40,000 रू. पर प्रतियोगी मृद्भांड कारखाने में कार्य कर सकती हैं।

13. निकोल के मृद्भांड कारखाने में लेखांकन लागत है–
   (a) 25,000 रू.
   (b) 50,000 रू.
   (c) 80,000 रू.
   (d) 75,000 रू.

14. निकोल के कारखाने में आर्थिक लागत है–
    (a) 75,000 रू.
    (b) 70,000 रू.
    (c) 80,000 रू.
    (d) 30,000 रू.

15. निकोल के मृद्भांड कारखाने में लेखांकन लाभ है–
    (a) 30,000 रू.
    (b) 50,000 रू.
    (c) 80,000 रू.
    (d) 75,000 रू.

16. निकोल के कारखाने में आर्थिक लाभ है–
    (a) 75,000 रू.
    (b) 35,000 रू.
    (c) 80,000 रू.
    (d) 30,000 रू.

17. श्रम की सौदाकारी शक्ति__________होती है।
    (a) क्षीण
    (b) मजबूत
    (c) स्थिर
    (d) कह नहीं सकते।

18. वह अर्थशास्त्री जिसने कॉब–डगलस उत्पादन फलन दिया था, वो_________था।
    (a) जापानी
    (b) जर्मन
    (c) ब्रिटिश
    (d) अमेरिकन

19. यदि फर्म का आऊटपुट शुन्य होता तब
    (a) AFC धनात्मक होगा
    (b) TFC शुन्य होगा
    (c) A और B दोनों
    (d) न तो (a) न तो (b)

20. कौन सा वक्र U आकार का नहीं होता है
    (a) TFC वक्र
    (b) AVC वक्र
    (c) AC वक्र
    (d) MC वक्र

21. निम्नलिखित के द्वारा 10 इकाईयों पर औसत परिवर्तनशील लागत निकालियें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उत्पादन | : | 0 | 10 | 20 |
| कुल लागत | : | Rs. 200 | Rs. 400 | Rs. 800 |

    (a) Rs. 40
    (b) Rs. 20

(c) Rs. 200
(d) Rs. 400

22. किस बाजार के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को वस्तु की कई किस्में प्राप्त होती है –
(a) पूर्ण प्रतियोगिता
(b) एकाधिकारी
(c) द्वैयाधिकार
(d) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता

23. मूल्य नेतृत्व अल्पाधिकार के किस प्रकार में पाया जाता है?
(a) पूर्ण अल्पाधिकार
(b) आंशिक अल्पाधिकार
(c) सिंडीकेट अल्पाधिकार
(d) संगठित अल्पाधिकार

24. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार के अन्तर्गत पूर्ति वक्र होता है–
(a) औसत लागत वक्र
(b) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
(c) सीमान्त लागत वक्र
(d) औसत आगम वक्र

25. दीर्घकालीन औसत लागत वक्र का दुसरा नाम होता है–
(a) लाभ वक्र
(b) नियोजन वक्र
(c) मांग वक्र
(d) उदासीनता

26. सीमान्त उपयोगिता
(a) हमेशा धनात्मक रहती है
(b) हमेशा ऋणात्मक रहती है
(c) धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है परन्तु शुन्य नहीं हो सकता है
(d) धनात्मक, ऋणात्मक या शुन्य में से कुछ भी हो सकता है।

27. जब मॉंग और पूर्ति दोनों में समान अनुपातिक कमी हो, तब साम्य मूल्य________होगा।
(a) स्थिर
(b) बढ़ेगा
(c) गिरेगा
(d) इनमें से कोई नहीं।

28. पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत फर्म का मांग वक्र होता है–
(a) क्षैतिज रेखा, एक्स अक्ष के समानान्तर
(b) लम्बवत रेखा, वाई अक्ष के समानान्तर
(c) ऋणात्मक ढाल
(d) मोडदार

29. पूर्ण प्रतियोगिता के फर्म मूल्य स्वीकारक होती है तथा——————————वक्र क्षैतिज होता है–
    (a) MC
    (b) TC
    (c) TR
    (d) MR

30. इनमें से कौनसा अल्पाधिकार पर लागू नही होता?
    (a) कुछ विक्रेता
    (b) विक्रेताओं में अन्तर निर्भरता
    (c) केवल एक क्रेता
    (d) विक्रेताओं में समूह व्यवहार

31. गणनावाचक विचारधारा को कहाँ जाता हैं।
    (a) उदासीनता वक्र विश्लेषण
    (b) हिक्स तथा ऐलन विचारधारा
    (c) सीमान्त उपयोगिता विश्लेषण
    (d) उपरोक्त सभी

32. सीमान्त उपयोगिता विश्लेषण के अनुसार उपयोगिता मापी जाती हैं।
    (a) क्रम
    (b) गणनावाचक संख्या
    (c) वाछंनीय
    (d) उपरोक्त सभी

33. निम्न में से कौनसा सिद्धान्त यह व्याख्या करता है कि जैसे जैसे उपभोक्ता किसी वस्तु का निरन्तर उपभोग करता हैं हर अतिरिक्त इकाई के उपभोग के साथ वस्तु से प्राप्त उपयोगिता घटती चली जाती हैं।
    (a) सम–सीमान्त उपयोगिता नियम
    (b) क्रमवाचक उपयोगिता का नियम
    (c) सीमान्त उपयोगिता का नियम
    (d) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम

34. निम्न में से कोनसी विचारधारा मांग के नियम को व्यक्त करने में मदद करती हैं?
    (a) गणनावाचक विचारधारा
    (b) क्रम वाचक विचारधारा
    (c) (a) व (b) दोनो
    (d) (a) व (b) दोनो नहीं

35. उपभोक्ता साम्य में——————————और सीमान्त उपयोगिता के बराबर होने पर होता हैं।
    (a) वस्तु की मांग
    (b) वस्तु की पूर्ति
    (c) वस्तु का मूल्य
    (d) उपरोक्त सभी

36. निम्न में से कौनसा उत्पाद सर्वोच्च उपभोक्ता आधिक्य प्रदान करता हैं।
    (a) आईस्क्रीम
    (b) कार
    (c) कलर टेलीविजन
    (d) पानी

37. मांग उत्पन्न होती हैं–
   (a) सामाजिक वस्तुऐं उदाहरण खाद्यान्न, कपड़ा
   (b) हानिकारक उत्पाद उदाहरण शराब, सिगरेट
   (c) (a) व (b) दोनों
   (d) (a) व (b) दोनो नहीं

38. मांग वक्र के कुल क्षेत्र को––––––––के द्वारा मापा जाता है–
   (a) सीमान्त उपयोगिता
   (b) कुल उपयोगिता
   (c) उपभोक्ता आधिक्य
   (d) उत्पादक आधिक्य

39. औसत उत्पादन वक्र पर कौनसी स्थिति लागू नहीं होती है –
   (a) धनात्मक ढ़ाल
   (b) गिरता हुआ ढ़ाल
   (c) स्थिर ढ़ाल
   (d) ग्राफ के ऋणात्मक मार्ग में ढ़ाल का प्रवेश

40. एक विवेकशील उपभोक्ता किस अवस्था में रहकर उत्पादन करना चाहेगाः–
   (a) जहाँ MP अधिकतम होता है
   (b) जहाँ MP व AP दोनों घटते हैं परन्तु धनात्मक रूप से
   (c) जहाँ MP ऋणात्मक हो जाये
   (d) (b) व (c) दोनों में।

41. सकारात्मक आर्थिक समीक्षा का एक उदाहरण होगा :
   (a) खाने के मूल्य तथा खरीदी गई मात्रा के बीच सम्बन्ध की समीक्षा
   (b) कितनी आय प्रत्येक व्यक्ति को गारन्टी की जानी चाहिये तथा निर्धारण
   (c) खाने के लिए उचित मूल्य का निर्धारण
   (d) एक अर्थव्यवस्था के उत्पादन का कैसे वितरण करें या निर्णयन

42. इस बात का अध्ययन कि कैसे कारपोरेट आयकर की दर में वृद्धियाँ राष्ट्रीय बेरोजगारी की दर को प्रभावित करेंगी एक उदाहरण है :
   (a) व्यापक अर्थशास्त्र का
   (b) विवेचानात्मक अर्थशास्त्र का
   (c) सूक्ष्म अर्थशास्त्र का
   (d) आदर्शमूलक अर्थशास्त्र का

43. निम्न पर विचार करो तथा निर्णय करो कि कौन सी अर्थव्यवस्था बिना सीमितता के रही है, यदि कोई है तो,
   (a) स्वतंत्रता पूर्व की भारतीय अर्थव्यवस्था जहाँ अधिकांश लोग किसान थे
   (b) एक कपोलकल्पित अर्थव्यवस्था जिसमें प्रत्येक व्यक्ति करोड़पति है
   (c) कोई अर्थव्यवस्था जहाँ आय का उसके लोगों के बीच समान वितरण होता है
   (d) उपरोक्त में कोई नहीं

44. Oikonomia का अर्थ है :
    (a) उद्योग
    (b) घरेलू चीजों का प्रबंध
    (c) सेवाएँ
    (d) उपरोक्त में कोई नहीं

45. एडम स्मिथ ने "An Enquiry into the nature and causes of wealth of nation" नामक अपना शोध ग्रन्थ किस वर्ष में प्रकाशित किया।
    (a) 1776
    (b) 1786
    (c) 1756
    (d) 1766

46. निम्न में से किसको एक बाजार प्रणाली का प्रयोग करते हुए संसाधनों के आवंटन की एक हानि माना जायेगा
    (a) आय असमान रूप से वितरण की ओर प्रवृत्त होगी
    (b) लोगों को अपनी पंसद का माल नहीं मिलता
    (c) उद्यमी तथा पहल करने वाले आदमियों को पुरस्कार नहीं मिलता
    (d) लाभ नीचे की ओर उद्यत होंगे

47. वास्तविक व आदर्शमूलक अर्थशास्त्र में अन्तर है।
    (a) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवसाय के प्रदर्शन की व्याख्या करता है जबकि आदर्शमूलक अर्थशास्त्र में अर्थव्यवसाय के बुरे प्रदर्शन के कारणों की व्याख्या करता है।
    (b) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों की व्याख्या करता है जबकि आदर्शमूलक अर्थशास्त्र इस बात की जॉच करता है अर्थव्यवस्था के लोगों के लिए क्या चीज अच्छी है और क्या बुरी।
    (c) आदर्शमूलक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों का अध्ययन करता है जबकि वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा व क्या बुरा है कि व्याख्या करता है।
    (d) इनमें से कोई नहीं।

48. निम्न में से कौन व्यवसायिक अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र नही है
    (a) पूॅजी बजट
    (b) जोखिम अध्ययन
    (c) व्यापार चक्र
    (d) Accounting Standard (लेखा मानक)

49. श्रम–उत्पादन तकनीक का प्रयोग किया जाता है।
    (a) श्रम–आधिक्य अर्थव्यवस्था में
    (b) पूॅजी आधिक्य अर्थव्यवस्था में
    (c) विकसित अर्थव्यवस्था में
    (d) विकासशील अर्थव्यवस्था में

50. बिड़ला सीमेन्ट कम्पनी द्वारा उत्पादित सीमेन्ट के लिए की जाने वाली माँग कहलाती है–
    (a) उद्योग माँग
    (b) कम्पनी माँग
    (c) गिफिन माँग
    (d) बाजार माँग

51. सर राबर्ट गिफिन दो अन्य वस्तुओं के साथ कीमत का संबंध देखकर आश्चर्यचकित था, वे थी :–
    (a) रोटी व चावल
    (b) मांस व चावल
    (c) रोटी व मांस
    (d) पनीर व मांस

52. यदि दो वस्तुए पूर्णत असंबधित हो तब प्रतिकार लोच होगी।
    (a) 0
    (b) 1
    (c) अपरिमित
    (d) कोई नही

53. अर्थशास्त्र है।
    (a) एक सटीक विज्ञान
    (b) सटीक विज्ञान नही है
    (c) विज्ञान ही नही है
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

54. दुर्लभता का नियम
    (a) धनी, विकसित देशों में लागू नहीं होता हैं।
    (b) केवल कम विकसित देशों में लागू होता हैं।
    (c) संकेत करता हैं कि उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ एक समाजवादी प्रणाली में संतुष्ट होगी।
    (d) संकेत करता है कि उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ पूर्णतया कभी सन्तुष्ट नहीं होगी।

55. आर्थिक नियम होते है–
    (a) सटीक
    (b) विशिष्ट मान्यताओं पर आधारित
    (c) अनिवार्य
    (d) सरकार द्वारा शक्ति से परिवर्तनीय

56. पूर्ति का संकुचन सम्बन्धित वस्तु के मूल्य में कमी का परिणाम है।
    (a) सत्य
    (b) लगभग सत्य
    (c) असत्य
    (d) इनमें से काई नहीं

57. उपभोक्ता व्यवहार सिद्धान्त का आधार है–
    (a) उत्पादन परिकल्पना
    (b) उपयोगिता परिकल्पना
    (c) लागत परिकल्पना
    (d) (a) व (c) दोनों

58. एक तटस्थता वक्र का ढ़ाल ($MRS_{xy}$) मूल बिंदु की ओर उन्नतोदर होता है, क्योंकि–
    (a) X वस्तु की सीमांत उपयोगिता बढती है।
    (b) Y वस्तु की सीमांत उपयोगिताघटती है।
    (c) Y वस्तु के लिए X वस्तु की प्रतिस्थापन की सीमान्त दर घटती है।
    (d) Y वस्तु के लिए X वस्तु की प्रतिस्थापन की सीमान्त दर बढ़ती है।

59. सीमान्त उपयोगिता वक्र होता है
    (a) वाई एक्स में सामानान्तर
    (b) वस्तु का मांग वक्र
    (c) एक्स अक्स के लम्बवत
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

60. सीमान्त उपयोगिता किसी भी वस्तु की मात्रा पर निर्भर होती है तथाः
    (a) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात के होती है
    (b) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात नही होती है
    (c) मात्रा में स्वतंत्र होती है
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

61. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को पूर्व में किस नाम से जाना जाता था।
    (a) बैंक आफ मद्रास
    (b) बैंक ऑफ कोलकाता
    (c) इम्पीरियल बैंक
    (d) इण्डियन बैंक

62. जयेश मर्चेन्ट किस कम्पनी के मुख्य वित्तिय अधिकारी (CFO)
    (a) ऐशियन पेन्टस
    (b) अनेक क्षेत्रों में कार्यरत
    (c) बॉश लिमिटेड
    (d) अल्ट्राटेड सीमेंट

63. बजाज ऑटो लिमिटेड के वर्तमान चैयरमैन कोन है –
    (a) राहुल बजाज
    (b) राजीव बजाज
    (c) जमनालाल बजाज
    (d) केविन पी डिसूजा

64. अडानी ग्रुप का वर्तमान CEO कौन है
    (a) रवि भामीदीपति
    (b) करन गौतम भाई अडानी
    (c) आलोक कुमार अग्रवाल
    (d) फारूख नरीमन सुबेदार

65. सार्वजनिक नितियां सदैव––––––––––होती है
    (a) लक्ष्य आधारित
    (b) अल्प परिभाषित
    (c) अमीरों के लिए
    (d) गरीबों के लिए

66. फेमा ने फेरा को कब प्रतिस्थापित किया था
    (a) 1991
    (b) 1992
    (c) 1999
    (d) 2006

67. दहेज व तलाक सुधार अधिनियम किसका उदहारण है
    (a) आर्थिक सुधार
    (b) सांस्कृतिक सुधार
    (c) वाणिज्यिक सुधार
    (d) सामाजिक – सांस्कृतिक सुधार

68. हाल ही में किस संस्था को समाप्त किया गया है
    (a) फेमा
    (b) कोल इण्डिया लिमिटेड
    (c) योजना आयोग
    (d) सेबी

69. वह FDI जिसके लिये सरकार या RBI से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है वह है।
    (a) ग्रीन चैनल
    (b) प्राथमिक मार्ग
    (c) गैर व्यवसायिक मार्ग
    (d) स्वचालित मार्ग

70. स्वचालित मार्ग के अलावा FDI का दूसरा मार्ग है–
    (a) NRI मार्ग
    (b) सरकारी आज्ञा मार्ग
    (c) संस्थागत मार्ग
    (d) प्राथमिक मार्ग

71. कौनसी वैधानिक संस्था सेबी से पहले वित्तीय मामलों को नियंत्रित करती थी
    (a) Controller of capital issued
    (b) RBI
    (c) IRDAI
    (d) भारत सरकार

72. सेबी की स्थापना कब हुई
    (a) 1988
    (b) 1990
    (c) 1986
    (d) 1989

73. देश में मुद्रा या करेंसी को कौन जारी करता है–
    (a) सेबी
    (b) RBI
    (c) केन्द्रीय बैंक
    (d) सिडबी

74. भारतीय औद्योगिक वित्तीय संस्थान (IFCI) की स्थापना कब हुई
    (a) 1945
    (b) 1946
    (c) 1947
    (d) 1948

75. 1990 में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगो के वित्त व विकास के लिए किस संस्था की स्थापना की गई थी।
    (a) SIDBI
    (b) एक्सिम बैंक
    (c) नाबार्ड
    (d) IFCI

76. नाबार्ड का मुख्यालय कहॉ पर है।
    (a) मुम्बई
    (b) दिल्ली
    (c) गुरूग्राम
    (d) बेगलूरू

77. समेकन का क्या अर्थ है।
    (a) यह अचल सम्पत्ति में होने वाले नुकसान पर किया गया खर्च है
    (b) यह दो संस्थाओं का संयोग है जो की तब उत्पन्न होता है जब एक संस्थान अपनी सारी सम्पत्तियों को नई संस्था को सौप देता है
    (c) सम्भावित उत्तरदायित्व जो किसी पूर्व लेन–देन या भावी कार्य द्वारा उत्पन्न होती है
    (d) किसी कार्य को करने पर होने वाला खर्च

78. लाभ पर कर चुकाने के बाद लाभ का जो भाग व्यवसाय के स्वामी को उसके निवेश के बदले प्राप्त होता है वह है:–
    (a) Dividend
    (b) खर्च
    (c) व्यय
    (d) स्थगित आय

79. B2B का अर्थ है–
    (a) उपभोक्ता के खरीदने का वह तरीका जहॉ पर वह यह तय करता है उसे क्या चिजे खरीदनी है और क्या नही।
    (b) एक कम्पनी द्वारा अपना उत्पाद को बेचने की रणनीति
    (c) एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय के बीच मार्केटिंग गतिविधियॉ
    (d) उपरोक्त में से कोई नही।

80. ––––––––––एक तरीका है जिसे बाजार में भावी मॉग का अनुमान लगाया जा सकता है।
    (a) Cross Marketing
    (b) पूर्वानुमान
    (c) बाजार का विकास
    (d) Internet Marketing

81. निम्न मे से कौन आर्थिक पर्यावरण का भाग नही।
    (a) बाजार एवं व्यापार चक्र
    (b) उपभोक्ता के खरीदने का तरीका
    (c) उपभोक्ता की खर्च करने की क्षमता
    (d) ब्याज व विनिमय दर

82. ———————–पर्यावरण एक देश की प्रकृति तथा दिशा को दर्शाता है जिसमे एक उद्योग या कम्पनियॉ प्रतियोगिता करती है
   (a) सामाजिक–सांस्कृतिक
   (b) आन्तरिक
   (c) व्यष्टि
   (d) आर्थिक

83. PESTLE विश्लेषण में E का अर्थ है
   (a) Ecological
   (b) Economic
   (c) Ethical
   (d) Education

84. रिलायन्स इण्डस्ट्रीज की स्थापना कब हुई
   (a) 1965
   (b) 1966
   (c) 1978
   (d) 1959

85. किस गैस कम्पनी के पास भारत का सबसे लम्बा पाइपलाइन नेटवर्क है
   (a) गेल (इण्डस्ट्रीज)
   (b) भारत पैट्रोलियम
   (c) रिलायंस इण्डस्ट्रीज
   (d) ONGC

86. विप्रो लिमिटेड किस उद्योग श्रेणी के अर्न्तगत आती है
   (a) दवाई व औषधिया
   (b) अनेक क्षेत्रों में कार्यरत
   (c) मिडिया
   (d) सूचना व प्रौद्योगिकी

87. निम्न मे से कौनसा बजाज ऑटो लिमिटेड का उत्पादन नही है–
   (a) ऐवजेन्जर
   (b) डिस्कवर
   (c) स्पेलन्डर
   (d) CT 100

88. किस कम्पनी का मिशन है Good Food, Good life
   (a) टाटा ग्रुप
   (b) रिलायंस फ्रेश
   (c) नेस्ले
   (d) स्टारबक

89. भारत में ITC के शैक्षणिक व स्टेशनरी उत्पादन किस नाम से बेचे जाते है।
   (a) केमल
   (b) अफ्सरा
   (c) नटराज
   (d) क्लासमेंट

90. मेरा ग्राहक सर्वप्रथम यह किस बैंक का दृष्टिकोण है
    (a) SBI
    (b) Axis
    (c) HDFC
    (d) BOB

91. Infosys द्वारा निर्मित वैश्विक बैकिंग प्लेट फार्म कहलाता है।
    (a) माना
    (b) Finacle
    (c) SKAUA
    (d) Panay cloud site

92. निम्न मे से कौनसा कथन एक सार्वजनिक नीति को इगिंत करता हैः
    (a) केन्द्रीय सरकार द्वारा कारो का बेडा खरीदने का निर्णय
    (b) नगर निगम द्वारा एक पुरानी बिल्डिंग को गिराना
    (c) सभी नागरिकों को आधार कार्ड उपलब्ध करवाना
    (d) सरकार द्वारा किसी पार्क का नाम बदलना

93. वार्षिक वित्तीय व्यय, कर, प्रशुल्क तथा सेना पर खर्च का निर्णय किसके अर्न्तगत आता है।
    (a) नीतियां
    (b) बजट
    (c) लक्ष्य निर्धारण
    (d) दीर्घकालिन नियोजन प्रक्रिया

94. निजीकरण का वह रूप जिसमें सरकार सारी उत्तरदायित्व अपने पास बनाऐ रखती है निजी क्षेत्र को प्रबंधन सौप देती है कहलाता है।
    (a) विनिवेश
    (b) विनियमित करना
    (c) प्रत्यायोजन
    (d) विकेन्द्रीकरण

95. मारूति सुजुकी के केस में सरकार ने बहुमत भाग सुजुकी जापान को बेच दिया यह क्या कहलाऐगा–
    (a) अल्पमत विनिवेश
    (b) पूर्ण निजीकरण
    (c) प्रत्यायोजन
    (d) बहुमत विनिवेश

96. ब्लेकरॉक ने भारतीय स्टॉक बाजार में 30 मिलियन अमेरिकन डॉलर का निवेश किया है तो यह कहलाऐगा
    (a) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
    (b) विदेशी संस्थागत निवेश
    (c) अप्रत्यक्ष निवेश
    (d) NRI निवेश

97. FIPB का अर्थ है
    (a) Foreign Institutional Promotion Board
    (b) Foreign Institutional Preparatory Board
    (c) Foreign Investment Priority Board
    (d) Foreign Investment Promotion Board

98. निम्न मे से किस क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की आज्ञा नही है
    (a) ऑटोमोबाइल
    (b) आधारभूत संरचना
    (c) कपडा उद्योग
    (d) पशुपालन

99. आजादी के बाद भारत ने किसे अपनायाः–
    (a) विकास का समाजवादी पथ
    (b) विकास का कॉमनवेल्थ मण्डल
    (c) मिश्रित आर्थिक पथ
    (d) पूॅजीवादी पथ

100. हुन्डई इण्डिया लिमिटेड ने भारत में FDI मार्ग के द्वारा प्रवेश किया या तो यह कौनसा पथ है–
    (a) सार्वजनिक क्षेत्र का विनिवेश
    (b) संयुक्त उपक्रम
    (c) 100 प्रतिशत भारतीय सहयोगी संस्था
    (d) सरकारी उद्योग को प्रतिस्थापित करना

—**—